समाचार

लाकडाउन उल्लंघन पर आज भी हुई कार्यवाही

(विभिन्न जोनों में लाकडाउन उल्लंघन करने वालों पर लगाया गया 3200 रूपये का अर्थदण्ड)

कोरबा 01 मई 2021 —लाकडाउन के उल्लंघन पर नगर निगम कोरबा द्वारा कड़ी नजर रखते हुए उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज भी निगम के बालको, दर्री , सर्वमंगला व बांकीमोंगरा जोनांतर्गत लाकडाउन उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग से निगम अमले ने 3200 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उन्हें लाकडाउन का पालन करने के लिए कड़ी हिदायत दी।

लाकडाउन के दौरान दुकान खोलने एवं निर्धारित समय के पश्चात फल, सब्जी का विक्रय कर लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर आज भी कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालको जोन में 500 रूपये, दर्री जोनांतर्गत 400 रूपये, सर्वमंगला जोनांतर्गत 300 रूपये व बांकीमोंगरा जोन में 2000 रूपये, का अर्थदण्ड लगाया गया तथा कड़ी हिदायत दी गई कि यदि दोबारा उनके द्वारा लाकडाउन का उल्लंघन किया जाता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।